# बिना अनुमति पेड़ काटे तो जाएंगे जेल

- नगर निगम आयुक्त स्वयं जारी करेंगी पेड़ काटने की अनुमति
- सड़क निर्माण में लापरवाही पर सहायक यंत्री, उपयंत्री निलंबित



**भोपाल, 27 नवम्बर. भोपाल नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने गुरुवार को आईएसबीटी स्थित निगम कार्यालय के सभाकक्ष में निगम के कार्यों तथा समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा करते हुए यांत्रिक विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यों में सुधार लाने तक नवम्बर माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए.**

निगम आयुक्त जैन ने जोन क्र. 18 के वार्ड क्र. 83 में सी.एम. इन्फ्रा के तहत निर्मित सड़क की स्थिति मानक स्तर की गुणवत्ता की न होने और जगह-जगह गड्ढे तथा सतह खराब होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जोन क्र. 18 के प्रभारी सहायक यंत्री मनीष सिंह एवं उपयंत्री हर्षदीप सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है जबकि कार्यपालन यंत्री कोलार एस.के.राजेश को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. निगम आयुक्त ने सी.एम. इन्फ्रा के तहत निर्माणाधीन सड़क की कोर कटिंग कर जांच कराने के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिए.

निगम आयुक्त जैन ने जोन क्र. 18 के अंतर्गत वार्ड क्र. 83 के वार्ड कार्यालय के सामने मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत सी.सी. रोड का निर्माण जून 2025 में किया गया था और उक्त रोड का निर्माण मानक स्तर से नहीं होने के कारण जगह-जगह गड्ढे एवं सतह खराब होने एवं छायाचित्रों के सत्यापन होने से स्थिति स्पष्ट होने पर सख्त रुख अपनाया है.

> उन्होंने शहर में बिना अनुमति के पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए कि बिना अनुमति शहर में कहीं भी पेड़ों की कटाई-छटाई न होने दी जाए और यदि कोई भी बिना अनुमति के वृक्षों की कटाई-छटाई करता है तो उसके विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी और ऐसे व्यक्ति को जेल भी जाना पड़ सकता है. उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में पूर्व में वृक्ष कटाई की अनुमति आदि के लिए अपर आयुक्त को दिए गए अधिकार निरस्त करते हुए निगम आयुक्त ने यह अधिकार अपने पास रखे हैं और अब वृक्ष कटाई-छटाई की अनुमति निगम आयुक्त द्वारा ही जारी की जाएगी.

## सलमान को पकड़कर लाओ, 11 हजार का इनाम पाओ

**भोपाल.** गोहरगंज में हुई गंभीर घटना को लेकर क्षत्रिय करणी सेना मध्य प्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष आशु सिंह ने आरोपी सलमान की गिरफ्तारी पर 11,000 रुपये का इनाम घोषित किया है. उन्होंने कहा कि 'जो भी व्यक्ति या पुलिस अधिकारी सलमान को 24 घंटे के भीतर पकड़कर प्रस्तुत करेगा, उसे क्षत्रिय करणी सेना द्वारा 11,000 रुपये का नगद पुरस्कार एवं सम्मान दिया जाएगा.' आशु सिंह नेकहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में भय का वातावरण पैदा करती हैं, इसलिए सरकार को ऐसे मामलों पर कड़े और त्वरित कानून लागू करने चाहिए. उन्होंने मांग की कि 'ऐसे जघन्य अपराधों पर तत्काल फांसी, गोली मारने या कठोरतम दंड का प्रावधान होना चाहिए, ताकि अपराधियों में कानून का डर बना रहे और इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों.



**अमित शाह से मिले वीडी शर्मा**

**भोपाल.** दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सौजन्य भेंट की इस अवसर पर सम सामयिक विषयों पर चर्चा की.

## आईपीएस डी श्रीनिवास राव की मप्र वापसी

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 नवंबर.** केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी डी. श्रीनिवास राव की मप्र वापसी होगी. केंद्र सरकार ने उन्हें मप्र वापसी के लिये रिलीव कर दिया है. राव केंद्र में प्रतिनियुक्ति की अवधि में अभी ज्वाइंट डायरेक्टर सरदार वल्लभभाई पटेल अकेडमी के पद पर पदस्थ थे. राव भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 1997 बैच के अधिकारी हैं. राव ने उन्हें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दायित्व से मुक्त करने और उन्हें मूल कॉडर राज्य में भेजे जाने का अनुरोध किया था, जिसे केंद्र सरकार ने स्वीकार कर लिया. उनके अनुरोध के बाद उन्हें मौजूदा दायित्वों से मुक्त कर रिलीव कर दिया गया है.

# एसआईआर का शत प्रतिशत कार्य पूरा

**84** फीसदी गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन पूरा प्रदेश में | **13** जिलों ने पार किया 90 फीसदी से अधिक का लक्ष्य

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 नवंबर. प्रदेश के अशोकनगर जिले में एसआईआर का काम शत-प्रतिशत पूरा हो गया है. ये उपलब्धि हासिल करने वाले ये प्रदेश का पहला जिला बन गया है.**



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश में गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन का कार्य तेज गति से जारी है. आज अशोक नगर जिले ने एस आई आर का काम शत् प्रतिशत पूरा कर लिया है. झा ने अशोक नगर के सभी शासकीय सेवकों और नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, कहा कि यह उपलब्धि सभी के समन्वित प्रयास और अथक परिश्रम से ही संभव हुई है. गुरुवार शाम तक 4 करोड़ 60 लाख से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन पूरा हो चुका है, जो कुल कार्य का लगभग 84 प्रतिशत है. झा ने बताया कि प्रदेश के 13 जिलों ने 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है.

**90 फीसदी से अधिक काम पूरा करने वाले जिले**

- अशोकनगर-100 फीसदी
- बैतूल-97.5 फीसदी
- सीहोर-96.3 फीसदी
- नीमच-95.4 फीसदी
- मंदसौर-94 फीसदी
- सीधी-93.6 फीसदी
- शाजापुर-93.57 फीसदी
- आगर मालवा-92.63 फीसदी
- मंडला-92.03 फीसदी
- बालाघाट-91.33 फीसदी
- गुना-91 फीसदी
- राजगढ़-90.5 फीसदी

## गीता पाठ में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करें

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आगामी 1 दिसंबर को गीता जयंती पर अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर राज्य में हो रहे कार्यक्रमों की तैयारी की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अभ्युदय मध्य प्रदेश (गवर्नेंस ग्रोथ समिट) निवेश से रोजगार (अटल संकल्प उज्जवल मध्य प्रदेश) के अंतर्गत 25 दिसंबर को ग्वालियर में हो रहे कार्यक्रम के संबंध में भी अधिकारियों से चर्चा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गीता महोत्सव के संबंध में मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा जिला कलेक्टर्स और पुलिस अधिकारियों से चर्चा की.

# कानून व्यवस्था की आदर्श स्थिति सुनिश्चित करें

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कांफ्रेंस कर दिए निर्देश



**भोपाल, 27 नवम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों का सामान्य जन-जीवन सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के अपराधों पर पूर्ण नियंत्रण की कार्यवाही की जाए. कानून व्यवस्था की जिले में अच्छी एवं आदर्श स्थिति रहे, यह कलेक्टर एसपी सुनिश्चित करें. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार की रात्रि मुख्यमंत्री निवास प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स, एस पी से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा चर्चा की.**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रमुख निर्देश**

- अपराध नियंत्रण पहली प्राथमिकता हो.
- पुलिस की नियमित गश्त होना चाहिए.
- किसानों को कहीं भी खाद की समस्या ना हो, उचित प्रबंधन करें. वितरण की व्यवस्था सुधारने पर ध्यान दें. खाद लेने के लिए अधिक देर लाइन में लगने की नौबत ना आए, ऐसी व्यवस्था बनाएं.
- अधिकांश जिलों में ठंड की अधिकता को देखते हुए जनता के लिए व्यवस्थाएं बनाएं. गांवों से शहरों में या केंद्रों में खाद क्रय करने आए किसान बंधुओं के लिए भी शीतकाल से बचाव के आवश्यक उपाय करें.

# कांग्रेस के कार्यकाल में भी हुए थे एसआईआर

### कांग्रेस जवाब दे एसआईआर कराने वाले नेहरू व इंदिरा गांधी गलत थे क्या

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 27 नवंबर.भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने गुरूवार को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आयोजित जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कोई राजनीतिक दल नहीं था.**



कांग्रेस आजादी के आंदोलन के समय एक अंग्रेज द्वारा बनाया गया एक मंच था, जिसमें सभी विचारधारा के लोग शामिल होकर देश को आजाद कराने का कार्य कर रहे थे. देश के आजाद होने के बाद महात्मा गांधी कांग्रेस को समाप्त करना चाहते थे, लेकिन जवाहरलाल नेहरू ने सत्ता के लिए इसका उपयोग किया. नेहरू परिवार आज भी इसका उपयोग सत्ता के लिए कर रहा है, जबकि कांग्रेस की अपनी कोई विचारधारा ही नहीं है.

> खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा अपने गठन के समय से लेकर आज तक एक विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है. भाजपा ने अपने विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया. कार्यकर्ता आधारित भाजपा संगठन आज भी अपनी विचाधारा पर अडिग है. एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची के शुद्धिकरण और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए आवश्यक है. एसआईआर का विरोध करने वाले कांग्रेस नेता बताएं कि देश में एसआईआर की शुरूआत कराने वाले जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी क्या गलत थे.

# अवैध शराब दुकानों पर कार्रवाई होगी

### एसपी ने शांति समिति की बैठक में लोगों से किया संवाद

**मंडीदीप, 27 नवंबर. शहर के उद्योग भवन में गुरुवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता एवं कलेक्टर तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने वरिष्ठजनों से विस्तृत संवाद करते हुए कहा कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीमें लगातार काम कर रही हैं.**

क्षेत्र में साम्प्रदायिक सौहार्द, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनसहयोग जरूरी है. किसी भी प्रकार की अफवाह से बचें और सोशल मीडिया पर भी आपत्तिजनक पोस्ट ना करे. पुलिस अधीक्षक गुप्ता ने आरोपी को गिरफ्तार करने किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द और कानून व्यवस्था को बिगड़ने नहीं देना है. बैठक में मौजूद नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने एसपी से रूबरू होकर नगर में फैली अवैध शराब की दुकानों के खिलाफ आवाज बुलंद की. प्रियंका अग्रवाल ने कहा नगर में जगह-जगह अवैध शराब की दुकानें खुली हुई हैं. इन शराब के अड्डों पर खड़े नशेड़ी महिलाओं और बच्चियों पर फब्तियां कसते हैं, छेड़खानी करते हैं. इससे महिलाएं और बच्चियां असुरक्षित महसूस कर रही हैं.

# पुलिस के झूठे हलफनामे पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

- एडीसीपी और टीआई को बनाया पक्षकार
- पुलिस कमिश्नर की भूमिका पर भी सवाल

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर,27 नवम्बर. पुलिस द्वारा एक जमानत मामले में गलत और भ्रामक हलफनामा पेश किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है.**

कोर्ट ने एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और चंदन नगर टीआई इंद्रमणि पटेल को सीधे तौर पर पक्षकार बनाते हुए कहा कि मामला पुलिस की विश्वसनीयता से जुड़ा है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता. सुनवाई अब 9 दिसंबर को होगी. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अनाज के अवैध भंडारण के मामले में आरोपी अनवर हुसैन की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने इंदौर पुलिस के हलफनामे में गंभीर त्रुटियां मिलने पर सख्त टिप्पणी की. कोर्ट ने कहा कि 4 नवंबर को मांगे गए जवाब में पेश किया हलफनामा विश्वास को ठेस पहुंचाने वाला है और इससे पुलिस के आचरण पर सीधा सवाल उठता है.

> पुलिस की ओर से दाखिल हलफनामे में आठ आपराधिक मामलों का हवाला दिया था, जिनमें से चार में अनवर हुसैन आरोपी ही नहीं है. एक केस में तो गलत तरीके से उसे रेप का आरोपी बताया गया. जब पीठ ने इस पर स्पष्टीकरण मांगा तो दलील दी गई कि यह गलती कंप्यूटर में नाम समान होने के कारण हुई. अदालत ने इस तर्क को गैर गंभीर माना और इसे पुलिस की जवाबदेही पर सवाल खड़ा करने वाला बताया. कोर्ट ने माना कि हलफनामा एडीसीपी दिशेष अग्रवाल और टीआई इंद्रमणि पटेल की ओर से दाखिल हुआ है, इसलिए दोनों को औपचारिक रूप से पार्टी प्रतिवादी बनाया जाए.



# SIR से लोकतंत्र होगा मजबूत

**भोपाल, 27 नवंबर. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद आलोक शर्मा ने गुरुवार को मध्य विधानसभा क्षेत्र के अरेरा एवं शाहपुरा मंडल में पहुंचकर एसआईआर से संबंधित कार्य की समीक्षा कर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया.**

बैठक को जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति एवं पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह ने भी संबोधित किया.

सांसद शर्मा ने कहा कि एसआईआर केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाला जन-अभियान है. पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जाकर जनता को जागरूक करना होगा और उन्हें सही जानकारी उपलब्ध करानी होगी. यह अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा.

## विस सत्र से पहले नेता प्रतिपक्ष ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई

**भोपाल.** मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आगामी विधानसभा सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक 30 नवंबर की शाम 7.30 बजे भोपाल के होटल अशोका में बुलाई है. बैठक में 1 दिसंबर से शुरू होने वाले सत्र के लिए रणनीति और एजेंडे पर विस्तार से चर्चा होगी. सिंघार ने कहा कि बैठक में विधायकों से परामर्श कर जनहित के मुद्दों को सत्र में आक्रामक तरीके से उठाने की रूपरेखा तैयार की जाएगी. उन्होंने बताया कि किसानों को समर्थन मूल्य, युवाओं को रोजगार, कानून-व्यवस्था और भाजपा सरकार की विफलताओं जैसे प्रमुख मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी.

# आईएएस वर्मा का पुतला फूंका, बर्खास्तगी की मांग



- विवादित बयान पर ब्राह्मण समाज में आक्रोश

**बैरसिया, 27 नवंबर. अजाक्स के प्रांतीय सम्मेलन में आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के बाद आक्रोश है.**

इसी मुद्दे को लेकर गुरुवार को सर्व ब्राह्मण परिषद, ब्राह्मण महिला मंडल और परशुराम सेना के संयुक्त तत्वावधान में विरोध प्रदर्शन किया. बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग दुर्गा मंदिर रेंज चौराहा से विरोध प्रदर्शन करते हुए बस स्टैंड चौराहा पहुंचे, जहां आईएएस संतोष वर्मा के पुतले का मुंह कालाकर उसे चप्पल जूतों की माला पहनाकर दहन किया और आईएएस वर्मा को बर्खास्त और एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार मिट्ठूलाल पवार को ज्ञापन सौंपा.

इस अवसर पर ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष जगदीश गूदेनिया, परशुराम सेना अध्यक्ष विजय शर्मा, रमेश शर्मा, हरिवल्लभ शर्मा, दिनेश शर्मा, नरेंद्र शर्मा राजेंद्र शर्मा, अविनाश उपाध्याय, मनोज व्यास, ओमप्रकाश शर्मा, विवेक उपाध्याय, मोहन शर्मा, आशीष शर्मा, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने विरोध जताया.



# वीआईटी कॉलेज प्रबंधन को मंत्री की सख्त चेतावनी

- छात्र हित के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित
- वीआईटी के प्रबंधन को सख्त चेतावनी

**सीहोर,27 नवम्बर . कोठरी स्थित वीआईटी कॉलेज में मंगलवार देर रात छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुए विवाद, मारपीट और उसके बाद हुई आगजनी की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर गुरुवार को कॉलेज पहुंचीं.**

उन्होंने कॉलेज प्रबंधन और छात्रों से अलग-अलग चर्चा कर विस्तृत जानकारी ली. मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रदेश सरकार छात्र हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

घटना की शुरुआत छात्रों द्वारा दूषित पानी और भोजन की शिकायतों को लेकर किए गए विरोध से हुई थी. प्रदर्शन के दौरान सुरक्षाकर्मियों द्वारा धक्का-मुक्की और मारपीट के आरोप लगे, जिसके बाद छात्रों में आक्रोश फैल गया और कैंपस में तोड़फोड़ व आगजनी हुई. स्थिति बिगड़ने पर कॉलेज प्रबंधन ने 8 दिसंबर तक अवकाश घोषित कर दिया.

**मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए**

प्रभारी मंत्री ने लगभग एक घंटे चली बैठक में प्रबंधन को सख्त निर्देश दिए कि छात्रों की सभी मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए. भोजन और पानी के लिए लिए गए सैंपलों की जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई का आश्वासन भी दिया. छात्रा नेहा की मौत के संबंध में मंत्री गौर ने बताया कि छात्रा पहले से टीबी से पीड़ित थी. उसके पिता द्वारा रखी गई फीस माफी की मांग कॉलेज प्रबंधन द्वारा स्वीकार कर ली गई है. निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय, गोपाल सिंह इंजीनियर, कलेक्टर बालागुरू के व एसपी दीपक कुमार शुक्ला भी उपस्थित रहे.

**योजना** | साड़ियां, सांची गिफ्ट पेक, मिठाइयों से भरा थाल सौंपा

# महिला दुग्ध उत्पादक की पुत्री की शादी में सौंपा 'मायरा'

**भोपाल, 27 नवंबर. एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड से संबद्ध भोपाल सहकारी दुग्ध संघ द्वारा चलाई गई सांची भात (मायरा) योजना के अंतर्गत बुधवार 26 नवम्बर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस पर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ अंतर्गत जिला शाजापुर कैम्प शुजालपुर की महिला दुग्ध सहकारी समिति नयापुरा नांदनी में समिति की सदस्य कृष्णा बाई राजपूत की सुपुत्री पूजा राजपूत की शादी समारोह मे सांची परिवार ने सांची मायरा सौंपा है.**




सौंपे गए थाल में 11-11 हजार रुपये नगद, उपहार रूवरूप साड़ियां, कपड़े, सांची गिफ्ट पेक, फल-श्रीफल व मिठाईयां शामिल है. राजेश विजयवर्गीय, महाप्रबंधक क्षेत्र संचालन एवं भाग्यश्री बजाज प्रबंधक द्वारा लेकर शादी समारोह में सांची मायरा का थाल सांची परिवार की तरफ से लेकर शामिल हुए. सांची भात मायरा योजना का लाभ प्राप्त कर कृष्णा बाई राजपूत एवं पारिवारिक सदस्यों के द्वारा भोपाल दुग्ध संघ द्वारा चलाई जा रही योजना का धन्यवाद दिया गया.

> इस अवसर पर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ से नितेश अलावा जिला नोडल अधिकारी शाजापुर, समिति अध्यक्ष उर्मिला बाई मेवाड़ा, ग्राम सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम, समिति दुग्ध प्रदायक समिति पर्यवेक्षक रानी डांडोलिया, नरेन्द्र परमार, प्रदीप वर्मा समिति सचिव, श्याम मेवाड़ा, सहायक सचिव बंटी मेवाड़ा, अन्य समिति सचिव अन्तर सिंह मेवाड़ा, एलमसिंह, रामबाबू मेवाड़ा नरेन्द्र परमार, बनवारी चंद्रवंशी, मनोज चंदेल, सुरेश परमार, अरुण मेवाड़ा मोहन मीना, भगवान सिंह एवं ग्रामीण जन उपस्थित हुए.

इस अवसर पर सांची परिवार ने बिटिया पूजा को वैवाहिक जीवन मंगलमय की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ससुराल के परिवार को भी सांची परिवार से जोड़ने के लिए भी प्रेरित करें. इस अवसर पर एनडीडीबी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ वर्गीस कुरियन के जन्म दिवस को भी उत्साह के साथ मनाया. उल्लेखनीय है कि सांची मायरा योजना का उद्देश्य यही है कि अपने दुग्ध समिति सदस्यों को उच्चतम क्रय दर के साथ उनके दुख एवं सुख में हमेशा साथ खड़े है, ताकि दुग्ध उत्पादक किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सके.

## भाजपा नेता शैतान सिंह पाल को भ्रातृ शोक

**भोपाल, 27 नवंबर.** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैतान सिंह पाल के अग्रज नन्नूलाल पाल का गुरुवार को राजधानी में निधन हो गया. पाल 76 वर्ष के थे. उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार सुबह 11 बजे शाहपुरा स्थित शैतान सिंह पाल चौराहा से भदभदा विश्राम घाट के लिए रवाना होगी. वह पूर्व पार्षद भारत सिंह पाल के बड़े भाई थे. वह धर्मेंद्र सिंह पाल, जितेंद्र सिंह पाल के पिता थे.

